न्यायालय उपखण्ड अधिकारी भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी—दिव्यराज सिंह चुण्डावत (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या
921/2024

दायर दिनांक
08.11.2024

निर्णय दिनांक
25/3/25

उनवान

1. राजू भील पुत्र देवी लाल भील उम्र वयस्क निवासी मीणों की कोटड़ी तह0 एवं जिला शाहपुरा

प्रार्थी

बनाम

1. नारायण पुत्र नन्दा गाडरी उम्र वयस्क निवासी सिदड़ियास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
2. धीसू पुत्र कैलाश भील उम्र वयस्क निवासी सिदड़ियास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
3. कल्याण पुत्र छोगा गाडरी उम्र वयस्क निवासी सिदड़ियास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
4. भैरू पुत्र तुलछा गाडरी उम्र वयस्क निवासी सिदड़ियास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
5. नाना पुत्र लाला भील उम्र वयस्क निवासी सिदड़ियास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
6. सुखा पुत्र देबी भील उम्र वयस्क निवासी सिदड़ियास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
7. झमरू पत्नी हजारी भील उम्र वयस्क निवासी सिदड़ियास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
8. पुष्पा पुत्री नानु भील उम्र वयस्क निवासी सांगानेरी रोड़ भीलवाड़ा
9. देवी पुत्र भवाना भील उम्र वयस्क निवासी सिदड़ियास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
10. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार, भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा

—विपक्षीगण

उपस्थितः—अधिवक्ता प्रार्थी श्री हनुमान सिंह राणावत
अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 09 उपस्थित नहीं

—: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू—राजस्व अधिनियम :—

—: निर्णय :—

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा सिदड़ियास प0ह0 सिदड़ियास भू—अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र महुआकलां तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2069—2073 के खाता संख्या 379 की अभिलिखित आराजियात 1120, 1127 कुल किता 02 कुल रकबा 0.8598 हैक्टेयर व खाता संख्या 382 की आराजी संख्या 1119, 1136 कुल किता 02 कुल रकबा 0.6449 हैक्टयर व खाता संख्या 418 की आराजी संख्या 1138 रकबा 0.3035 हैक्टयर भूमि प्रार्थी की खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है और अप्रार्थीगण जैर—बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थी एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थी खातेदारी आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थी वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

इस पर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 09 उपस्थित नहीं। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थी अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन् किया एंव पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली में प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजियात जैर बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के क्रम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन (पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार भीलवाडा को सीमांकन(पत्थरगढी) कराने का आदेश दिया जाता है कि मौजा सिदड़ियास प0ह0 सिदड़ियास भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र महुआकलां तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2069–2073 के खाता संख्या 379 की अभिलिखित आराजियात 1120, 1127 कुल किता 02 कुल रकबा 0.8598 हैक्टेयर व खाता संख्या 382 की आराजी संख्या 1119, 1136 कुल किता 02 कुल रकबा 0.6449 हैक्टयर व खाता संख्या 418 की आराजी संख्या 1138 रकबा 0.3035 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढ़ी कार्य संपादन से पूर्व फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जावे। पत्थरगढ़ी का आशय पक्षकारों की उपस्थिति में निशानात कायम करने भर से है। इस आदेश में किसी पक्ष की बेदखली व कब्जा देने की कार्यवाही नहीं की जाए तथा किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन(पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार भीलवाडा को 1000–00 अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे, तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। तहसीलदार भीलवाडा को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावे। निर्णय आज दिनांक 25/3/25 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(दिव्यराज सिंह चुण्डावत)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा